# सतगुरु तुम सागर मैं मीना तुम बिन रह ना पाउंगी लिरिक्स

सतगुरु तुम सागर मैं मीना,
तुम बिन रह ना पाउंगी,
तुमसे दो पल की दुरी,
गुरूजी सह ना पाउंगी।bd।

तर्ज – आ जाओ भोले बाबा।

---

ये चल रही है जिन्दगी,
उलटी भी धार में,
और दिख रही है जीत,
जीवन की हार में,
हारी बाजी जीवन की,
हारी बाजी जीवन की,
गुरूजी जीत जाउंगी,
तुमसे दो पल की दुरी,
गुरूजी सह ना पाउंगी।bd।

---

हरियाली ही हरियाली है,
जीवन के खेत में,
ठंडक सी मिल रही है,
जलती सी रेत में,
तुम साथ हो हमारे,
तुम साथ हो हमारे,
तो मैं चलती जाउंगी,
तुमसे दो पल की दुरी,
गुरूजी सह ना पाउंगी।bd।

---

खुद की समझ हुई है,
अध्यात्म से मुझे,
मिलवा दिया है तुमसे,
खुद आत्म से मुझे,
मिलने लगी हूँ खुद से,
मिलने लगी हूँ खुद से,
अब मैं मिलती जाउंगी,
**Bhajan Diary Lyrics,**
तुमसे दो पल की दुरी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सतगुरु तुम सागर मैं मीना,
तुम बिन रह ना पाउंगी,
तुमसे दो पल की दुरी,
गुरूजी सह ना पाउंगी।bd।

**Singer – Bhawana Swaranjali**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com